बिटकॉइन माइनिंग में निवेश का झांसा देकर ठगने वाले 3 गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। श्याम नगर थाना पुलिस और साइबर सेल जयपुर दक्षिण की संयुक्त कार्रवाई में बिटकॉइन माइनिंग में निवेश का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को निवेश पर 16 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर ठगी कर रहे थे।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित किशोर शर्मा और

■ **आरोपी साइबर ठग सोशल मीडिया पर लोगों को निवेश पर 16 फीसदी मुनाफे का झांसा देते थे**

सहायक पुलिस आयुक्त सुनील शर्मा के निर्देशन में श्याम नगर थाना पुलिस, साइबर सेल और जिला विशेष टीम का गठन किया गया। वहीं मामले में पंचशील कॉलोनी निवासी दिलीप सिंह राजावत ने रिपोर्ट दी कि करीब पांच महीने पहले अविनाश शर्मा, दिनेश पाराशर और अन्य लोगों ने उसे बिटमाइन.वर्ल्ड नामक अंतरराष्ट्रीय कंपनी में निवेश करने का झांसा दिया और 16 प्रतिशत मासिक मुनाफे का लालच दिया। इसके बाद उसने फोन-पे के माध्यम से 2 लाख 27 हजार 500 रुपए ट्रांसफर कर दिए। लेकिन बाद में आरोपियों ने पैसे लौटाने से इंकार कर दिया।

पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और परंपरागत जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए होटल पद्मावती पैलेस किंग्स रोड से आरोपित अविनाश शर्मा (29) निवासी आमेर, जितेंद्र सिंह (46) निवासी झुंझुनूं हाल कनकपुरा जयपुर और चमन सिंह (52) निवासी हरमाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया।

जांच में सामने आया कि गिरोह का सरगना अविनाश शर्मा नकद राशि से यूएसडीटी खरीदकर मलेशिया भेजता था और वहां से सोशल मीडिया साइट्स के जरिए लोगों को निवेश के लिए फंसाया जाता था। गिरोह अब तक करीब 244 लोगों से लगभग 10 करोड़ रुपए निवेश के नाम पर ठग चुका है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 एटीएम कार्ड, 37 मलेशियाई रिंगिट, 40 यूएई दिरहम, एक लैपटॉप, चार मोबाइल फोन और एक करेंसी काउंटिंग मशीन बरामद की है। गिरोह के अन्य सदस्यों और मलेशिया में बैठे सहयोगियों की तलाश जारी है।

आज 4 घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बंद

जयपुर। जयपुर में बिजली लाइन के मैंटेनेंस कार्य के चलते मंगलवार को कई इलाकों में चार घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। डिस्कॉम की ओर से सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। इस दौरान शहर की 20 से अधिक कॉलोनियों और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित शटडाउन के दौरान जयसिंहपुरा खोर, जेडीए ए ब्लॉक, जेडीए बी ब्लॉक, जेडीए सी ब्लॉक, कुंड रोड, नंद वाटिका, नायला रोड, बड़ी का बास, 2 नंबर बस स्टैंड, पंचवटी, रोहित नगर, केशव नगर और द्वारकापुरी क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। इसके अलावा जयसिंहपुरा खोर सब स्टेशन से निकलने वाले सभी फीडर से जुड़े इलाके भी प्रभावित रहेंगे। इसी तरह राजेंद्र नगर, मिर्धा फार्म हाउस, मसूर महल, गणेश विहार और आसपास के क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

30 करोड़ की 15 बीघा बेशकीमती भूमि सहित तीन स्थानों से हटाए अवैध निर्माण

जयपुर (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने 30 करोड़ रु. बाजार मूल्य वाली 15 बीघा बेशकीमती सरकारी जमीन समेत 3 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी ने बताया कि आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के कालवाड़ रोड पर ग्राम माचवां में खसरा नं. 457/1077 मे करीब 1.5 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाये गये कमरा, टीनशेड तथा बाउण्ड्रीवाल बनाकर अवैध कब्जा किया हुआ था, जिसे सोमवार को ध्वस्त किया है।

इसी प्रकार शनिवार को जेडीए की योजना देव विहार के खसरा नंबर 748 में स्थित करीब 15 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इस भूमि पर अतिक्रमियों द्वारा कच्चे-पक्के मकान, टीनशेड, लेटबाथ, बाउंड्रीवाल, झुग्गी-झोपड़ियां, छप्पर और तारबंदी करके अवैध कब्जा कर लिया था। जेडीए के राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीनों व मजदूरों की सहायता से इन सभी अवैध ढांचों को ध्वस्त किया। जेडीए अधिकारियों के अनुसार इस बेशकीमती सरकारी भूमि की अनुमानित कीमत करीब 30 करोड़ रुपए आंकी गई है।

इसी प्रकार रविवार को जोन-5ए के क्षेत्राधिकार में अवस्थित त्रिवेणी नगर के पास 10बी विस्तार योजना के भूखण्ड संख्या 45 में बिना अनुमति किए जा रहे अवैध निर्माण को ईंटों की दीवार से सील किया।

गत शुक्रवार को भी कालवाड रोड पर ग्राम मुण्डोता में जेडीए स्वामित्व की करीब 6 बीघा सरकारी भूमि से

अतिक्रमण और अवैध कब्जा हटाया गया था। ग्राम निवारू के पास भी खसरा नं. 281 व 294 मे करीब 3 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर काटी जा रही अवैध कालोनी और 2 प्लॉट्स को खुर्दबुर्द किया था।

राष्ट्रपति मुर्मू के अपमान का आदिवासी समाज देगा जवाब : गोपीचंद मीणा

जयपुर (कासं)। अनुसूचित जनजाति मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ हुए कथित अपमानजनक व्यवहार पर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि यह देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा और पूरे आदिवासी समाज की अस्मिता का अपमान है।

मीणा ने बताया कि 7 मार्च 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दार्जिलिंग जिले में आयोजित नौवें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में शामिल होने गई थीं। इस दौरान राज्य सरकार और प्रशासन की ओर से राष्ट्रपति से जुड़े ब्लू बुक प्रोटोकॉल का समुचित पालन नहीं किया गया। पहले कार्यक्रम स्थल विधाननगर तय था, लेकिन बाद में इसे गोसाईपुर (सिलीगुड़ी) स्थानांतरित कर दिया गया, जबकि ऐसे बदलाव के लिए राष्ट्रपति की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के

गोपीचंद मीणा

आगमन और प्रस्थान के समय मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक जैसे वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति अपेक्षित होती है, लेकिन कार्यक्रम में इनकी अनुपस्थिति रही। इसके अलावा कार्यक्रम में पास जारी करने की प्रक्रिया में अव्यवस्था, मार्गों की सफाई नहीं होना, स्थल पर कचरे के ढेर, शौचालयों में पानी और पीने के पानी की व्यवस्था नहीं होने जैसी गंभीर कमियां भी सामने आईं।

गोपीचंद मीणा ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू केवल देश की राष्ट्रपति ही नहीं, बल्कि करोड़ों आदिवासियों के आत्मसम्मान और गौरव का प्रतीक हैं। उनके साथ किसी भी प्रकार का अपमान पूरे आदिवासी समाज को आहत करता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ऐसे मामलों का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगा।

मीणा ने कांग्रेस की चुप्पी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पार्टी अन्य मुद्दों पर बयान देती है, लेकिन देश की आदिवासी महिला राष्ट्रपति के अपमान पर मौन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जनजातीय समाज के सम्मान और विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जनजातीय कार्य मंत्रालय के बजट 2026-27 में 42 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। साथ ही पीएम जनमन योजना और धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान जैसी योजनाएं जनजातीय समाज के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

हनी ट्रैप में फंसाने की धमकी देकर वकील को किया ब्लैकमेल

जयपुर (कासं)। लोगों को न्याय दिलवाने वाला वकील ही खुद हनी ट्रैप के मामले में फंसता नजर आ रहा है। वकील की शिकायत पर मुरलीपुरा थाना पुलिस ने महिला मित्र के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि नाहरगढ़ इलाके में रहने वाले 46 वर्षीय वकील ने मामला दर्ज कराया है कि गत सितंबर में वह एक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। तभी उसकी मुलाकात एक महिला से हुई। बातचीत के दौरान महिला ने पीड़ित के मोबाइल नंबर ले लिए और वाट्सएप पर बात करने लगी। इसी दौरान दोनो में दोस्ती हो गई। दोस्ती होने पर मिलने के लिए समय निकालने का दबाव बनाने लगी। नवंबर-2025 में खुद का मूड खराब होने की कहकर तीन दिन बाहर घूमने चलने का दबाव बनाने लगी। तैयार होने पर जयपुर से बाहर एक धर्मशाला में रुकने के लिए बुक करवाया। धर्मशाला में रुकने के दौरान जबरन शराब पिलाकर शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की। मना करने पर इमोशनल ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाए। अगले ही दिन टालमटोल कर जरुरी काम होने की कहकर वापस जयपुर आ गए। बात करने से मना करने पर महिला ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। धर्मशाला में चोरी-छिपे बनाए अश्लील वीडियो को वायरल करने धमकी देने लगी। रेप केस में फंसाने देकर 1 लाख रुपए मांगे। टालमटोल करने पर वीडियो डिलीट करने की एवज में 2.50 लाख रुपए की डिमांड की। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़ित ने मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

स्पीड ब्रेकर पर बाइक से उछलकर सड़क पर गिरी महिला की मौत

जयपुर। जोबनेर इलाके में चलती बाइक से ब्रेकर पर उझलकर गिरी महिला की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जोबनेर स्थित सीएचसी अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। जहां से शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि चितावा निवासी वकीला बाइक से अपने परिचित के साथ कही जा रहीं थी। तभी जोबनेर-महला राजमार्ग पर आसलपुर स्टैंड के पास सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर पर बाइक उझल गई और वकीला का सतुंलन बिगड़ गया। सतुंलन बिगड़े से वकीला सड़क पर जा गिरी और उसके सिर में गंभीर चोट आई। वकीला ने कुछ ही देर में मौके पर ही दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीएचसी के मुर्दाघर में भिजवाया।

सार-समाचार

डॉ. दीपाली वार्ष्णेय बनी प्रदेशाध्यक्ष

जयपुर। समाज सेवा, जनस्वास्थ्य जागरूकता और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में सक्रिय प्रख्यात चिकित्सक डॉ. दीपाली वार्ष्णेय अग्रवाल को सनातन हिन्दू वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ अवधूत (पीठाधीश्वर माँ कालका सिद्ध शक्तिपीठ) द्वारा संगठन की नारी शक्ति प्रदेश अध्यक्ष (राजस्थान) नियुक्त किया गया है। डॉ. दीपाली वार्ष्णेय अग्रवाल एक अनुभवी प्राकृतिक चिकित्सक एवं सुजोक थेरेपिस्ट है, जो लंबे समय से प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर रही हैं। उन्होंने अनेक जटिल और असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों का सफल उपचार कर उन्हें नई जीवन ऊर्जा दी है।

कृष्णा को मिली पीएचडी की उपाधि

जयपुर। श्याम विश्वविद्यालय ने कृष्णा ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। कृष्णा को भारत की सभ्यता व संस्कृति के साथ-साथ श्रीराम अवतार में बहुत रुचि है तथा आध्यात्म से लगाव है। उन्होंने रामचरितमानस में मानवीय मूल्यों की प्रासंगिकता : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन (जयपुर जिले के संदर्भ में) विषय पर डॉक्टर आफ फिलासफी पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। कृष्णा ने अपना शोध कार्य डॉक्टर उमारानी दुबे के निर्देशन में पूर्ण किया।

फागोत्सव और महिला दिवस मनाया

जयपुर। वन्दे मातरम सर्किल स्थित महिमा एलान्जा सोसायटी में फागोत्सव एवं महिला दिवस समारोह बड़े धूमधाम से बनाया गया। सोसायटी सचिव अमिताभ उपाधाय द्वारा फागोत्सव में राधा कृष्ण रासलीला का आयोजन किया गया। जिससे गीतों की धुन पर लोग गुलाल एवं रंगों के साथ मस्ती में झूम उठे। इस अवसर पर सोसायटी की महिलाओं ममता भार्गव, कल्पना माथुर, सुमन शर्मा, लीजा करनानी इत्यादि महिलाओं को उनके सोसायटी के लिए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया।

कपड़े के गोदाम में भीषण आग

जयपुर। सोडाला थाना इलाके के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित कपड़े के एक गोदाम में सोमवार रात भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार दमकलें मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग की घटना में गोदाम में रखा कपड़े का काफी माल जलकर राख हो गया। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार 22 गोदाम क्षेत्र स्थित किलोल हैंड ब्लॉक प्रिंट के गोदाम में सोमवार रात करीब 8:15 बजे अचानक आग लग गई। गोदाम की दूसरी मंजिल से पहले धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद आग की लपटें तेज हो गईं। आग की ऊंची लपटें देखकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। नगर निगम के फायर ऑफिसर देवांग यादव ने बताया कि 22 गोदाम फायर स्टेशन पर रात 8:15 बजे इंडस्ट्रियल एरिया में कपड़े की फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके के लिए रवाना की गई। मौके पर पहुंचने पर पाया कि फैक्ट्री बंद थी और अंदर कोई भी मौजूद नहीं था। आग की तीव्रता को देखते हुए अन्य फायर स्टेशनों से भी दमकलें मंगवाई गईं। इसके बाद गोदाम का ताला तोड़कर दमकलकर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि आग लगने से गोदाम में रखा कपड़े का माल काफी हद तक जलकर नष्ट हो गया।

ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर

जयपुर (कासं)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में राजस्थान प्रोटेक्टेड एरिया कंजरवेशन सोसायटी (आरपीएसीएस) के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आवास पुनर्स्थापन, जैव विविधता संरक्षण और ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने से जुड़े प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आरपीएसीएस के सचिव एवं अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक तथा मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक ने बताया कि संस्था के माध्यम से आक्रामक प्रजातियों को हटाने और प्राकृतिक आवास के पुनर्स्थापन में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिससे स्थानीय जैव विविधता को बढ़ावा मिला है। संवेदनशील वन क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा दीवारों का निर्माण भी कराया गया है। इसके साथ ही जल संरक्षण और आवास सुधार से जुड़े कार्यों में भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं, जिससे वन्यजीवों के लिए वर्षभर संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

'दो डॉक्टरों के भरोसे है सी.एच.सी'

जयपुर (विसं)। बीजेपी विधायक केसाराम चौधरी ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए मारवाउा जंक्शन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में डॉक्टरों की कमी और नया भवन नहीं होने का मुद्दा उठाया। केसाराम चौधरी ने कहा कि मारवाड़ जंक्शन में पीएचसी को सीएचसी बना दिया। सीएचसी में केवल दो डॉक्टर है। इससे अच्छा तो इसे वापस पीएचसी ही बना दीजिए। दो डॉक्टरों के भरोसे सीएचसी का क्या मतलब है? मारवाड़ जंक्शन सीएचसी का भवन जर्जर था, इसे जल्द बनाना चाहिए।

डोटासरा ने भांग खाकर स्कूल खोले थे : दिलावर

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर। राजस्थान में कांग्रेस राज में खोले गए अंग्रेजी मीडियम और स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूलों में खाली पदों से जुड़े सवाल पर विधानसभा में नोकझोंक और हंगामा हुआ।

बीजेपी विधायक बालकनाथ के सवाल पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 3737 स्कूलों को अंग्रेजी मीडियम में बदल दिया। लेकिन एक भी पद सृजित नहीं किया। शिक्षा मंत्री के जवाब पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि कांग्रेस राज में महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूलों का कैडर बना दिया था, उनका क्या हुआ? विवेकानंद मॉडल स्कूलों में अभी कितने पद खाली हैं? इस पर दिलावर ने कहा कि कई स्कूल तो ऐसे हैं जहां एक बच्चा, दो बच्चे, 10 बच्चे हैं। वहां आप चाहते हैं सारे ग्रेड के टीचर लगाएं, ऐसा कैसे संभव है? जीरो, दो, 10 बच्चों पर स्कूल चलते हैं क्या? पता नहीं भांग खाकर स्कूल खोल दिए। शिक्षा मंत्री रहते डोटासराजी ने भांग खाई हुई थी।

दिलावर के कमेंट पर जूली ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आप शिक्षा मंत्री हो। आप यह क्या जवाब दे रहे हो? लगता है आप भांग खाकर जवाब दे रहे हो? इस पर दिलावर ने कहा कि आपको नहीं, डोटासराजी के लिए कहा है। उस समय डोटासरा शिक्षा मंत्री थे।

क्या सरकार कुछ 3-4 बच्चों वाले नेताओं के कहने से बिल लाई? : डोटासरा

जयपुर (विसं)। पंचायतीराज संशोधन बिल पर बहस के दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राजस्थान पंचायतीराज संशोधन बिल पर सवाल उठाए। डोटासरा ने कहा कि भाजपा सरकार पूर्व मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत का अपमान कर रही है, जिन्होंने 1990 में जनसंख्या नियंत्रण के चलते यह कानून बनाया था और आज 30 साल के बाद भाजपा की सरकार ही इस कानून में बदलाव करने जा रही है। तब इस कानून के पीछे मंशा यही थी कि जनसंख्या नियंत्रण किया जाए। क्या अब जनसंख्या नियंत्रण की जरूरत नहीं है जो सरकार संशोधन विधेयक लेकर आई है, क्या अब हमारे पास इतने संसाधन हो गए हैं कि जनसंख्या नियंत्रण की जरूरत नहीं है? क्या केंद्र सरकार ने राजस्थान सरकार को जनसंख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं?

डोटासरा ने कहा कि देश में 70 फीसदी ग्रामीण परिवेश के लोग हैं वो भी आज जनसंख्या नियंत्रण को लेकर पूरी तरह से जागरूक नहीं है। इस सरकार के पास कोई विजन नहीं है, कुछ नेताओं ने कह दिया कि दो बच्चों वाला नियम हटाना है, क्योंकि उनके तीन चार बच्चे हैं, इसलिए सरकार आनन-फानन में यह बिल लेकर आई है। 30 साल पहले तीन बच्चों के चलते जो लोग चुनाव लड़ने से वंचित रह गए थे, वह आज क्या सोच सोचेंगे कि भाजपा की सरकार ही दो बच्चों का कानून लेकर आई थी और भाजपा की सरकार ही इस कानून को हटा रही है। डोटासरा ने कहा कि एक तरफ तो राज्य सरकार 2047 तक विकसित राजस्थान की बात कर रही है, दूसरी तरफ जनसंख्या नियंत्रण की बजाय उसे बढ़ावा दे रही है, ऐसे में जनसंख्या बढ़ेगी तो फिर 2047 तक विकसित राजस्थान कैसे होगा?

डोटासरा ने कहा कि एक तरफ सरकार पंचायत के चुनाव नहीं करा रही है और वन स्टेट-वन इलेक्शन की बात कर रही है। दूसरी तरफ हाईकोर्ट ने 15 अप्रैल तक चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं। भाजपा ने परिसीमन में बेईमानी की है, नियम तोड़ दिए। हजारों लोग हाई कोर्ट सुप्रीम कोर्ट चले गए हैं। सरकार हाई कोर्ट में कह रही है कि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट नहीं मिली, जबकि सरकार ने खुद ही ओबीसी आयोग को रिपोर्ट देने से मना किया हुआ है। पंचायत के चुनाव नहीं हुए इसलिए 3000 करोड़ रुपए केंद्र सरकार से नहीं मिल रहे हैं।

जयपुर-अजमेर के चार रेस्टोरेंट पर आयकर विभाग का सर्वे

जयपुर। आयकर विभाग ने संभावित टैक्स चोरी के संदेह में जयपुर और अजमेर के चार रेस्टोरेंट पर सर्वे की कार्रवाई शुरू की है। जो सोमवार को दूसरे दिन भी जारी रही। विभाग की टीमें प्रबंधन और स्टाफ से पूछताछ के साथ ही दस्तावेजों की गहन जांच कर रही हैं।

जानकारी के अनुसार आयकर विभाग ने जयपुर के गांधी पथ स्थित रोसाडो बार एंड रेस्टोरेंट,राजापार्क स्थित कबाब्स एंड करीज और अजमेर रोड स्थित द पार्क पैलेस में सर्वे शुरू किया। इसके अलावा अजमेर के स्वामी कॉम्प्लेक्स चौराहा स्थित मैंगो मसाला रेस्टोरेंट पर भी कार्रवाई की गई। सूत्रों के अनुसार विभाग को इन प्रतिष्ठानों में बड़े स्तर पर टैक्स चोरी का संदेह है। इसी आधार पर टीमें खातों, बिलों और अन्य वित्तीय दस्तावेजों की जांच कर संभावित कर चोरी का आकलन कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 18 फरवरी को आयकर विभाग ने जयपुर के कान्हा रेस्टोरेंट से जुड़े संचालकों के राजस्थान और मुंबई स्थित 33 ठिकानों पर भी छापेमारी की थी। इसके बाद प्रदेश में रेस्टोरेंट व्यवसाय से जुड़े प्रतिष्ठानों पर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री करेंगे पुस्तक का विमोचन

वासुदेव देवनानी की कृति "संसदीय संस्कृति का उत्कर्ष: नवाचारों के 2 वर्ष" पर होगी चर्चा

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर राजस्थान विधानसभा में गत दो वर्षों में किए गए महत्वपूर्ण नवाचारों, सुधारों और संसदीय परंपराओं के सुदृढ़ीकरण को समर्पित पुस्तक "संसदीय संस्कृति का उत्कर्ष: नवाचारों के दो वर्ष" का विमोचन मंगलवार को कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में आयोजित समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा करेंगे। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित प्रदेश की संवैधानिक, राजनीतिक और सामाजिक जीवन से जुड़े अनेक विशिष्ट लोग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में राज्य के विधायक, संसदीय कार्य से जुड़े विशेषज्ञ, शिक्षाविद् तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक भी भाग लेंगे।

राज्य विधानसभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक राजस्थान विधानसभा में अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा पिछले दो वर्षों के दौरान किए गए नवाचारों, संसदीय कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुख बनाने के प्रयासों तथा संसदीय मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में उठाए गए कदमों का विस्तृत दस्तावेज है।

पुस्तक में विधानसभा की कार्यसंस्कृति को अधिक समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए की गई नई पहलों को बताया गया है। देवनानी ने बताया कि यह प्रकाशन न केवल राजस्थान विधानसभा की कार्यप्रणाली के विकास की एक महत्वपूर्ण झलक प्रस्तुत करता है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण तथा संसदीय परंपराओं के संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान देवनानी की कृति सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि पर भी चर्चा होगी।पुस्तक के विमोचन के साथ-साथ संसदीय संस्कृति के महत्व, लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रासंगिकता तथा विधानमंडल की भूमिका पर भी विचार व्यक्त किए जाएंगे। ये पुस्तके शोधार्थियों, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों तथा संसदीय कार्यप्रणाली में रुचि रखने वाले सभी पाठकों के लिए एक उपयोगी संदर्भ ग्रंथ सिद्ध होगी।

हर युग में मातृशक्ति ने समाज और राष्ट्र की दिशा बदली : सीता ताई

निवर्तमान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के नेतृत्व में संपन्न दो दिवसीय हुआ "शक्ति वंदन महोत्सव"

जयपुर (कासं)। निवर्तमान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के नेतृत्व में आयोजित दो दिवसीय शक्ति वंदन महोत्सव का उत्साह और ऊर्जा के साथ समापन हुआ। महोत्सव में हजारों महिलाओं और युवतियों ने भाग लेते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपने सक्रिय योगदान का संकल्प लिया। यह आयोजन नारी सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, उद्यिमता और सांस्कृतिक जागरूकता का सशक्त मंच बनकर सामने आया।

महोत्सव के अंतर्गत आयोजित शक्ति वंदन भारत के स्व का अभिनंदन विशेष सत्र में राष्ट्रीय सेविका समिति की प्रमुख कार्यवाहिका सीता ताई ने कहा कि भारत के इतिहास में हर युग में मातृशक्ति ने समाज और राष्ट्र की दिशा बदलने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि नारी का सम्मान मांगने से नहीं, बल्कि अपने कर्म, आत्मबल और संकल्प से प्राप्त होता है। सीता ताई ने भारतीय इतिहास के उदाहरण देते हुए कहा कि माता अदिति, सीता माता और द्रौपदी जैसी महिलाओं के संकल्प और आत्मबल ने हर युग में समाज को नई दिशा दी है। राजस्थान की वीरभूमि का उल्लेख करते

निवर्तमान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के नेतृत्व में आयोजित दो दिवसीय शक्ति वंदन महोत्सव में राष्ट्रीय सेविका समिति की प्रमुख कार्यवाहिका सीता ताई और राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने महिलाओं का सम्मान किया।

हुए उन्होंने माता पन्नाधाय के त्याग को मातृशक्ति का सर्वोच्च उदाहरण बताया।

सत्र में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए केवल एक दिन नहीं, बल्कि पूरे वर्ष समान भाव और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक प्रतीक है, जबकि वास्तविक लक्ष्य यह होना चाहिए कि वर्ष के 365 दिन महिलाओं के अधिकार,

■ **कार्यक्रम में करीब 1000 बच्चियों का सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण तथा 21 महिलाओं का सम्मान भी किया गया**

सम्मान और अवसरों को सुनिश्चित किया जाए। सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे क्षेत्रों में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार और समाज दोनों स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में मजबूत कानून बनाए गए हैं, लेकिन कई बार जानकारी के अभाव में महिलाएं उनका पूरा लाभ नहीं उठा पातीं। इसलिए जरूरी है कि महिलाएं अपने अधिकारों और कानूनों के प्रति जागरूक बनें।

विजया राहटकर ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर भी देश में विशेष पहल की जा रही है। हाल ही में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध कराई गई है। इसी क्रम में कार्यक्रम के दौरान लगभग 1000 बेटियों को वैक्सीन भी लगाई गई, जो महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता और संवेदनशीलता का उदाहरण है।

विजया राहटकर ने डॉ. सौम्या गुर्जर की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने दो वर्ष पूर्व जिस शक्ति वंदन महोत्सव की शुरुआत की थी, वह आज महिलाओं के सशक्तिकरण और प्रतिभा को मंच देने वाला महत्वपूर्ण आयोजन बन चुका है। इस अवसर पर निवर्तमान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष विजया राहटकर का साफा और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत और सम्मान किया।

महोत्सव के दौरान महिलाओं और बच्चियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेष सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान भी चलाया गया, जिसके तहत करीब 1000 बच्चियों को वैक्सीन लगाई गई। इसके साथ ही महिलाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सैकड़ों महिलाओं ने तलवारबाजी का प्रशिक्षण लिया और शौर्य प्रदर्शन किया, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा।